"हर काम देश के नाम"

कार्यालय, **रक्षा लेखा महानियंत्रक**

उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010

**O/o the Controller General of Defence Accounts**

Ulan Batar Road, Palam, Delhi Cantt.- 110010

विकसित भारत अभियान 1947 से 2047

दूरभाष: 011-25665742 फैक्स : 011-25674806, 25674821 ई-मेल: hindicell.cgda@nic.in

**(राजभाषा अनुभाग)**

सं. 55018/हि.क./रा.भा.का.स./मु.का./31 दिनांक : 23 दिसम्बर, 2024

विषय : रक्षा लेखा विभाग मुख्यालय, कार्यालय की दिनांक 16 दिसम्बर, 2024 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वियन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।

*********

इस मुख्यालय कार्यालय की दिनांक 16 दिसम्बर, 2024 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वियन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त इस अनुरोध से भेजा जा रहा है कि आपके कार्यालय/ अनुभाग से संबंधित मदों पर तत्काल उचित कार्रवाई की जाए एवं की गई कार्रवाई से इस मुख्यालय कार्यालय/राजभाषा अनुभाग को अवगत कराने का कष्ट करें।

रक्षा लेखा वरिष्ठ संयुक्त महानियंत्रक (प्रशासन) के अनुमोदन से जारी।

संलग्नक : यथोपरि

(मनमोहन सिंह)
वरिष्ठ लेखा अधिकारी (राजभाषा)

1. निदेशक (राजभाषा) रक्षा मंत्रालय, कमरा न. 240, 'बी विंग' सेना भवन, नई दिल्ली-110011
2. सभी रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक
3. मुख्यालय कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वियन समिति के सभी सदस्य
4. मुख्यालय कार्यालय के सभी अनुभाग
5. सूचना प्रद्योगिकी एवं प्रणाली कक्ष (स्थानीय) : वैबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
6. आदेश फाइल।

"हर काम देश के नाम"
**कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक**
उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010
**O/o the Controller General of Defence Accounts**
Ulan Batar Road, Palam, Delhi Cantt.- 110010
दूरभाष: 011-25665742 फैक्स : 011-25674806, 25674821 ई-मेल: hindicell.cgda@nic.in

विकसित भारत अभियान 1947 TO 2047

**(राजभाषा अनुभाग)**

विषय : कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 16 दिसम्बर, 2024 को आयोजित तिमाही बैठक के कार्यवृत्त।

इस मुख्यालय कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही की बैठक 16 दिसम्बर, 2024 को पूर्वाह्न 11.30 बजे श्रीमती देविका रघुवंशी, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा महानियंत्रक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. मयंक शर्मा | रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक |
| 2. | श्री विपिन कुमार गुप्ता | रक्षा लेखा वरिष्ठ संयुक्त महानियंत्रक |
| 3. | श्री रोज़ी अग्रवाल | रक्षा लेखा वरिष्ठ संयुक्त महानियंत्रक |
| 4. | डॉ. श्रीमती शिवाली मल्होत्रा चौहान | रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक |
| 5. | श्रीमती मौली सेनगुप्ता | रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक |
| 6. | श्री राजेश चन्द्रा | रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक |
| 7. | श्री रूचिर मित्तल | रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक |
| 8. | श्रीमती मुग्धा कौर जग्गी | रक्षा लेखा वरिष्ठ उप महानियंत्रक |
| 9. | श्रीमती गीतिका सिंह बट्टु | रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक |
| 10. | श्री राजेश कालिया | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 11. | श्री प्रदीप कुमार | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 12. | श्री हिमतेश प्रताप सिंह | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 13. | श्री फाल्गुनी मंडल | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 14. | श्री राजेश छाबड़ा | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 15. | श्री गोपाल प्रसाद अग्रवाल | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 16. | श्री अवधेश कुमार श्रीवास्तव | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 17. | श्री सुजीत कुमार | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 18. | श्री मनमोहन सिंह | वरिष्ठ लेखा अधिकारी (राजभाषा) |
| 19. | श्रीमती रुचिता सहाय | वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 20. | श्रीमती वॉयलेट खैलखो | वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 21. | श्री गौरव सिंह चौहान | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी/सदस्य सचिव |
| 22. | श्री अरविन्द | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |

रक्षा लेखा वरिष्ठ संयुक्त महानियंत्रक (प्रशासन) द्वारा अध्यक्ष महोदया एवं अन्य सदस्यों के स्वागतोपरांत अध्यक्ष महोदया की अनुमति से सदस्य सचिव द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। बैठक में निम्नलिखित मदों पर विचार-विमर्श किया गया:-

**मद सं. 1 : दिनांक 09 सितम्बर, 2024 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक दिनांक 09 सितम्बर, 2024 को आयोजित की गई थी। बैठक का कार्यवृत्त सभी संबंधितों की जानकारी एवं यथा अपेक्षित कार्रवाई हेतु मुख्यालय कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया था। कार्यवृत्त के संबंध में किसी भी सदस्य से कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त न होने पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि मान ली गई।

**मद सं. 2 : पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई**

(i) मुख्यालय में तैनात 34 आशुलिपिकों में से 15 आशुलिपिकों को ही हिंदी आशुलिपि का ज्ञान प्राप्त है। अगस्त सत्र से कार्यालय के 02 आशुलिपिक प्रशिक्षणरत हैं।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर अपनी सहमति जताई तथा निदेश दिए थे कि दिसम्बर में अगले सत्र के लिए शेष आशुलिपिकों को क्रमवार नामित किया जाए।

समिति को अवगत कराया गया कि केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रपत्र जारी होने के बाद अगले सत्र के लिए शेष आशुलिपिकों को क्रमवार नामित किया जाएगा।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर अपनी सहमति जताई।

**[कार्रवाई : प्रशासन-IV एवं राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

(ii) मुख्यालय में तैनात 23 लिपिकों में से 08 लिपिकों को ही हिंदी टंकण का ज्ञान है। 06 लिपिकों को अगस्त सत्र के लिए नामित किया गया है।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर अपनी सहमति जताई थी।

सदस्य सचिव ने समिति को अवगत कराया कि वर्तमान में मुख्यालय कार्यालय में कुल 26 लिपिक तैनात हैं। पिछली तिमाही में दर्शाए गए कुल 23 लिपिकों में से 01 लिपिक सेवानिवृत हो गए हैं। 02 लिपिकों ने स्थानांतरण पर मुख्यालय में कार्यभार ग्रहण किया है एवं 02 लिपिक नए भर्ती हुए हैं। केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान में नामांकन के पश्चात अगस्त सत्र से कार्यालय के 06 लिपिकों को राजभाषा अनुभाग (स्थानीय) में हिंदी टंकण का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है जो कि फरवरी, 2025 माह तक जारी रहेगा। प्रशिक्षण के लिए शेष 12 लिपिकों को भी अगले सत्र के लिए क्रमवार नामित किया जाएगा।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर अपनी सहमति जताई।

**[कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

(iii) सभी स्थानीय अनुभागों को अपने मानक प्रोफॉर्मा द्विभाषी करने के लिए पत्र जारी किया गया था।

अध्यक्ष महोदया ने निदेश दिए थे कि इस संबंध में अभी और कार्य करने की जरुरत है और सभी अनुभाग यह सुनिश्चित करें कि उनके सभी मानक मसौदे द्विभाषी हैं।

अधिकांश स्थानीय अनुभागों से मानक प्रोफॉर्मा द्विभाषीकरण के लिए प्राप्त हो चुके हैं जिन्हें कि द्विभाषी करके संबंधित अनुभागों को भेजा जा चुका है। इसी क्रम में सभी रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक कार्यालयों से भी मानक प्रोफॉर्मा के द्विभाषीकरण की अद्यतन वस्तुस्थिति से अवगत कराने के लिए पत्र के माध्यम से अनुरोध किया गया है।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर अपनी सहमति जताई।

**[कार्रवाई : सभी अनुभाग (स्थानीय) एवं राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

(iv) पदोन्नति द्वारा सहायक निदेशक (राजभाषा) प्रतिनियुक्ति से भरे जाने वाले 04 पदों के लिए अनुवीक्षण समिति (screening committee) द्वारा अनुशंसित उम्मीदवारों की सूची सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति हेतु रक्षा मंत्रालय को भेजी गई थी।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर अपनी सहमति जताई और कहा था कि प्रतिनियुक्ति की प्रक्रिया पूरी होने के उपरांत शेष पदों के पुनः प्रवर्तन (revival) के लिए मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा जाए।

समिति को अवगत कराया गया कि प्रतिनियुक्ति से भरे जाने वाले 04 पदों के लिए चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र जारी कर दिए गए हैं जिनमें से 01 अधिकारी ने रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (नई दिल्ली) में कार्यभार ग्रहण कर लिया है तथा शेष अधिकारी भी शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण कर लेंगे।

अध्यक्ष महोदया ने निदेश दिए कि सहायक निदेशक (राजभाषा) के चारों पदों को भरने के पश्चात प्रशासन-VIII द्वारा शेष 'मानित समाप्त' (deemed abolished) पदों के पुनः प्रवर्तन (revival) की प्रक्रिया शुरु की जाए।

**[कार्रवाई : प्रशासन-II, VIII एवं राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

(v) मुख्यालय कार्यालय के राजभाषा निरीक्षण दल द्वारा जब अधीनस्थ कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण किया जाए, उस दौरान एक हिंदी कार्यशाला का भी आयोजन किया जाए ताकि राजभाषा कार्यान्वियन के संबंध में आ रही कमियों को दूर किया जा सके एवं वहाँ कार्यरत कार्मिक हिंदी के प्रयोग के प्रति सहज महसूस करें।

अध्यक्ष महोदया द्वारा इस पर सहमति जताई गई थी।

भविष्य में होने वाले सभी राजभाषा निरीक्षणों के दौरान हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। सभी प्रधान नियंत्रक/नियंत्रक कार्यालयों को इस आशय का पत्र जारी कर दिया गया है एवं मुख्यालय कार्यालय द्वारा किए जाने वाले राजभाषा निरीक्षणों के दौरान भी इसकी अनुपालना सुनिश्चित की जा रही है।

डॉ. मयंक शर्मा, रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक ने सुझाव दिया कि यदि एक स्टेशन पर एक से अधिक कार्यालयों का निरीक्षण प्रस्तावित है तो सभी कार्यालयों के लिए कार्यशाला का आयोजन अलग-अलग ना करके सबके लिए एक ही जगह पर कर लिया जाए। इस सुझाव को अध्यक्ष महोदया द्वारा सहर्ष ही स्वीकार कर लिया गया।

**[कार्रवाई : सभी अधीनस्थ कार्यालय एवं राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

(vi) अधीनस्थ कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण एक साथ न करके तिमाही आधार पर खंडों में किया जाए ताकि राजभाषा निरीक्षण दल एवं सभी संबंधित कार्यालय अतिसक्रिय रूप से हिंदी के क्रियान्वयन में भाग ले सकें। अधीनस्थ कार्यालय त्रैमासिक आधार पर निरीक्षण लक्ष्यों से मुख्यालय कार्यालय को अवगत कराएं। इसके अतिरिक्त, मुख्यालय द्वारा किए गए राजभाषा निरीक्षण की अनुवर्ती कार्रवाई से सक्षम प्राधिकारी को अवगत कराया जाए।

अध्यक्ष महोदया द्वारा इस पर सहमति जताई गई।

समिति को अवगत कराया गया कि सभी प्रधान नियंत्रक/नियंत्रक कार्यालयों को इस आशय का पत्र जारी कर दिया गया है एवं भविष्य में मुख्यालय कार्यालय द्वारा किए जाने वाले राजभाषा निरीक्षणों के दौरान भी इसकी अनुपालना सुनिश्चित की जाएगी।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर अपनी सहमति जताई तथा निर्देश दिए कि मुख्यालय द्वारा इसकी मानिटरिंग की जाए।

**[कार्रवाई : सभी अधीनस्थ कार्यालय एवं राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

(vii) रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक (डॉ. मयंक शर्मा) ने सुझाव दिया कि पे-स्लिप को द्विभाषी रूप में जारी किया जा सकता है तथा रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक (श्री राजकुमार अरोड़ा) ने सुझाव दिया कि ट्यूलिप में

कार्यालय आदेश भाग-2 को नियमतः द्विभाषी रूप में जारी किया जाना चाहिए। छुट्टी को मंजूर करने की कार्यविधि को केवल अंग्रेजी में जारी किया जाता है जिसे द्विभाषी रुप में किया जा सकता है।

अध्यक्ष महोदया ने रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक (आई.टी. विंग) को इस संबंध में अगली तिमाही बैठक तक आवश्यक कार्रवाई करने के निदेश दिए। साथ ही निदेश दिए कि स्पर्श एवं शिकायत (ग्रिवांसेज) से संबंधित ई-मेल की पावती ई-मेल द्वारा हिंदी में दी जाए ताकि हिंदी पत्राचार में वृद्धि हो।

इस संबंध में रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक (आई.टी.) द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि आई.टी.एस. एंड. डी.सी., सिकंदराबाद द्वारा यह सूचित किया गया है कि ट्यूलिप में भाग-2 आदेश मानकीकृत नहीं हैं बल्कि उपयोगकर्ता के इनपुट के अनुसार हैं जो प्रत्येक नियंत्रक कार्यालय में भिन्न हैं। ट्यूलिप भाग-2 आदेश को द्विभाषी करने के लिए इसका मानकीकरण आवश्यक है। सू.प्रौ. एवं प्र. विंग द्वारा ट्यूलिप भाग-2 आदेश के मानकीकरण हेतु प्रशासन-(IV) (स्थानीय) से अनुरोध किया गया है।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर शीघ्र कार्रवाई करने के निदेश दिए।

**[कार्रवाई : सू.प्रौ. एवं प्र. विंग एवं प्रशासन-IV (स्थानीय)]**

(viii) रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक (श्री राजकुमार अरोड़ा) ने सुझाव दिया था कि ई-ऑफिस में प्रस्तुत कार्यालय टिप्पणियों में दी जाने वाली अभ्युक्तियों को हिंदी में उपलब्ध कराया जाए ताकि उनका प्रयोग किया जा सके।

अध्यक्ष महोदया ने इस संबंध में अगली तिमाही बैठक से पूर्व कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निदेश दिए थे।

इस संबंध में रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक (आई.टी.) द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि ई-आफिस में सामान्यतः प्रयुक्त होने वाली अभ्युक्तियां हिंदी में उपलब्ध करा दी गई हैं।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर संतोष प्रकट किया।

(ix) समिति में सुझाव दिया गया था कि वर्तमान में ई-ऑफिस में अधिकारियों के हस्ताक्षर के नीचे उनके नाम अंग्रेजी में लिखे जाते हैं जो कि हिंदी में भी लिखे जा सकते हैं जिस पर कार्रवाई की जा रही है।

अध्यक्ष महोदया ने इस संबंध में कार्रवाई करने हेतु आदेश दिए कि एक निर्धारित समय सीमा अर्थात अगली तिमाही तक ई-ऑफिस में अधिकारियों के हस्ताक्षर के नीचे उनके नाम हिंदी में भी प्रदर्शित हों।

इस संबंध में रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक (आई.टी.) द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि ई-ऑफिस में अधिकारियों के हस्ताक्षर के नीचे उनके नाम हिंदी में भी प्रदर्शित कर दिए गए हैं।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर संतोष प्रकट किया।

**मद सं. 3: जून, 2024 तथा सितम्बर, 2024 की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्टों की तुलनात्मक समीक्षा**

सदस्य सचिव ने जून, 2024 तथा सितम्बर, 2024 की तिमाहियों के हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित रिपोर्टों के आंकड़े समिति के समक्ष प्रस्तुत किए।

अध्यक्ष महोदया ने हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित रिपोर्टों के आंकड़ों की स्थिति की सराहना की एवं कहा कि हमें अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना है।

**[कार्रवाई : सभी अनुभाग (स्थानीय)]**

**मद सं. 4 : रक्षा लेखा विभाग में हिन्दी पदों की स्थिति**

सदस्य सचिव द्वारा विभाग में हिंदी संवर्गीय पदों की निम्नलिखित वर्तमान स्थिति समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई:-

| पद का नाम | स्वीकृत पद | भरे हुए पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| सहायक निदेशक(राजभाषा) | 37 | 09 | 28 (04 रिक्त, 24 मानित समाप्त ) |
| वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 35 | 32 | 03 |
| कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 70 | 53 | 17 |

सदस्य सचिव ने समिति को अवगत कराया कि:-

(i) प्रतिनियुक्ति से भरे जाने वाले 04 पदों के लिए चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र जारी कर दिए गए हैं जिनमें से 01 अधिकारी ने रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (नई दिल्ली) में कार्यभार ग्रहण कर लिया है तथा शेष अधिकारी भी शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण कर लेंगे। सभी 04 पदों को भरने के पश्चात प्रशासन-VIII द्वारा शेष 'मानित समाप्त' (deemed abolished) पदों के पुनः प्रवर्तन (revival) की प्रक्रिया शुरु की जाएगी।

(ii) 03 वरिष्ठ अनुवाद अधिकारियों के पदोन्नति हेतु दिनांक 12.12.2024 को आदेश जारी किए जा चुके हैं।

(iii) इस वर्ष होने वाली भर्ती के लिए कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों के रिक्त पदों की सूचना कर्मचारी चयन आयोग को भेजी गई है।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर संतोष जताया गया एवं निदेश दिए कि सहायक निदेशक (राजभाषा) के 'मानित समाप्त' (deemed abolished) पदों के पुनः प्रवर्तन (revival) की प्रक्रिया शीघ्र शुरु की जाए।

**[कार्रवाई : प्रशासन-II, प्रशासन-VIII एवं प्रशासन-XI (स्थानीय)]**

**मद सं 5 : <u>राजभाषा संबंधी निरीक्षण</u>**

**(I) <u>मुख्यालय द्वारा अधीनस्थ कार्यालयों का राजभाषा संबंधी निरीक्षण</u> :**

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम वर्ष 2024-25 के अनुसार प्रत्येक विभाग के कम से कम 25% अधीनस्थ कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण किया जाना है। इसके अनुपालन में इस वर्ष सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से इस मुख्यालय द्वारा 11 अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण किया जाना अपेक्षित है। अब तक निम्नलिखित 07 अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण किया जा चुका है :-

| **क्र.सं.** | **कार्यालय का नाम** | **निरीक्षण की तारीख** |
|---|---|---|
| 1. | र.ले.नि.(अ. एवं वि.), बेंगलूरु | 14-15 मई, 2024 |
| 2. | र.ले.प्र.नि, बेंगलूरु | 16-17 मई, 2024 |
| 3. | र.ले.नि, चेन्नई | 18-19 जुलाई, 2024 |
| 4. | र.ले.नि. (के.भं.वि.), मुंबई | 15-16 अक्तूबर, 2024 |
| 5. | र.ले.प्र.नि. (नौसेना), मुंबई | 17-18 अक्तूबर, 2024 |
| 6. | र.ले.नि., गुवाहाटी | 28-29 नवम्बर, 2024 |
| 7. | क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, लखनऊ | 10-11 दिसम्बर, 2024 |

निरीक्षण के लिए शेष कार्यालयों का निरीक्षण आगामी तिमाही में निम्न कार्यक्रमानुसार किया जाएगा :-

| **क्र. सं.** | **कार्यालय का नाम** | **निरीक्षण की तारीख** |
|---|---|---|
| 1. | र.ले.नि. (सेना), मेरठ | 28 जनवरी, 2025 |
| 2. | र.ले.नि. (निधि), मेरठ | 29 जनवरी, 2025 |

| | | |
|---|---|---|
| 3. | र.ले.नि. (पेंशन संवितरण), मेरठ | 30 जनवरी, 2025 |
| 4. | क्षे.प्र.के., मेरठ | 31 जनवरी, 2025 |

अध्यक्ष महोदया ने इस पर अपनी सहमति जताई।

**[कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

**(II) <u>संसदीय राजभाषा समिति द्वारा राजभाषा निरीक्षण</u>**

संसदीय राजभाषा समिति द्वारा इस तिमाही में निम्नलिखित कार्यालयों का निरीक्षण उनके समक्ष दर्शाई गई तारीखों को किया जाएगा:-

| क्र.सं. | कार्यालय का नाम | निरीक्षण की तारीख | अभ्युक्तियां |
|---|---|---|---|
| 01 | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (सेना), लखनऊ | 24.12.2024 | संसदीय राजभाषा समिति द्वारा रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक कार्यालय, लखनऊ का राजभाषा निरीक्षण दिनांक **24.12.2024** को किया जाएगा। निरीक्षण बैठक में मुख्यालय के प्रतिनिधि के तौर पर भाग लेने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा श्री विपिन कुमार गुप्ता, रक्षा लेखा वरिष्ठ संयुक्त महानियंत्रक को नामित किया गया है। साथ ही समिति को सूचित किया गया कि दिनांक 10-11 दिसम्बर, 2024 के दौरान क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, लखनऊ के राजभाषा निरीक्षण के लिए नामित मुख्यालय के दो सदस्यीय निरीक्षण दल ने 09 दिसम्बर, 2024 को रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (सेना), लखनऊ एवं वेतन लेखा कार्यालय, 11 गोरखा राइफल्स रेजीमेन्टल सेंटर, लखनऊ के संबद्ध अनुभागों का भी दौरा किया एवं दिनांक 24.12.2024 को होने वाले संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षण हेतु उक्त कार्यालयों को यथासंभव सहयोग एवं निदेश दिए। |
| 02 | वेतन लेखा कार्यालय (अ.श्रे.), 11 जी.आर.आर. सी., लखनऊ | | |
| 03 | स्थानीय लेखापरीक्षा अधिकारी (वा.से.) एच.क्यू.टी.सी. , हेब्बल, बेंगलूरु | इन कार्यालयों के निरीक्षण की सूचना प्राप्त हुई है। इन तीनों कार्यालयों की प्रश्नावली 27 दिसम्बर, 2024 तक संसदीय समिति में जमा करवानी है। निरीक्षण बैठक में मुख्यालय के प्रतिनिधि के तौर पर भाग लेने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा श्री विपिन कुमार गुप्ता, रक्षा लेखा वरिष्ठ संयुक्त महानियंत्रक को नामित किया गया है। निरीक्षण की तारीख से समिति द्वारा बाद में अवगत कराया जाएगा। इसी क्रम समिति को सूचित किया गया कि र.ले.प्र.नि., बेंगलूरु ने अनुरोध किया है कि रक्षा पेंशन संवितरण कार्यालय, 99 डिकेंसन रोड, बेंगलूरु का नाम निरीक्षण सूची से हटा दिया जाए क्योंकि रक्षा लेखा विभाग के अधीन सभी रक्षा पेंशन संवितरण कार्यालयों (DPDOs) को दिनांक 31.05.2024 से बंद कर दिया गया है और दिनांक 01.06.2024 से स्पर्श सेवा केन्द्र स्थापित कर दिए गए हैं जिनका संपूर्ण कार्य ऑनलाइन पोर्टल पर हो रहा है। | |
| 04 | स्थानीय लेखापरीक्षा अधिकारी (वा.से.) 26 उपस्कर डिपो, एच.ए.एल, बेंगलूरु | | |
| 05 | डी.पी.डी.ओ., रक्षा लेखा नियंत्रक, बेंगलूरु 99, डिकेंसन रोड, बेंगलूरु | | |

अध्यक्ष महोदया ने इस पर अपनी सहमति जताई। अध्यक्ष महोदया ने निर्देश दिए कि सभी रक्षा पेंशन संवितरण कार्यालयों के नाम निरीक्षण सूची से हटाने के लिए संसदीय राजभाषा समिति से पत्राचार किया जाए

साथ ही यह भी निर्देश दिए कि सभी कार्यालयों को संसदीय राजभाषा निरीक्षण के लिए अपनी पूरी तैयारी रखनी चाहिए।

**[कार्रवाई : सभी अधीनस्थ कार्यालय एवं राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

(III) स्थानीय अनुभागों का राजभाषा निरीक्षण

सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के उपरांत अगली तिमाही में राजभाषा अनुभाग द्वारा सभी स्थानीय अनुभागों का राजभाषा निरीक्षण किया जाएगा।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर अपनी सहमति जताई।

**[कार्रवाई : सभी अनुभाग (स्थानीय)]**

मद संख्या 6: (I) गृह पत्रिका रक्षा लेखा भारती का प्रकाशन

गृह पत्रिका 'रक्षा लेखा भारती' के 32 वें अंक का विमोचन माननीय रक्षा लेखा महानियंत्रक महोदया द्वारा हिंदी पखवाड़े के समापन समारोह के दौरान किया गया था। पखवाड़े के दौरान ही रक्षा लेखा वरिष्ठ संयुक्त महानियंत्रक (प्रशासन) ने सुझाव दिया था कि हमें 'रक्षा लेखा भारती' को छमाही रुप में प्रकाशित करना चाहिए। इसी क्रम में यह प्रस्तुत है कि 'रक्षा लेखा भारती' का 33 वां अंक 01 अप्रैल, 2025 को प्रकाशित किया जाएगा। इसके लिए सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है तथा पत्रिका में प्रकाशन हेतु रचनाएं भी आनी प्रारम्भ हो गई हैं।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर अपनी सहमति जताई एवं इसके लिए किए गए प्रयासों की सराहना भी की।

**[कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

(II) रक्षा लेखा विभाग पर गीत

हिंदी पखवाड़े के दौरान ही रक्षा लेखा विभाग के लिए गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसके लिए सभी कार्यालयों से प्रविष्टियां आमंत्रित की गई थी। तदनुसार, कुल 68 प्रविष्टियां प्राप्त हुई। सक्षम प्राधिकारी के निदेशानुसार इनका मूल्यांकन करने हेतु एक 03 सदस्यों वाली उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया था। समिति ने राजभाषा अनुभाग को अपनी मूल्यांकन रिपोर्ट सौंप दी है जिस पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर अपनी सहमति जताई तथा निर्देश दिए कि इसके लिए प्राप्त रचनाओं पर एक ई-बुक भी बनानी है।

**[कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

मद संख्या 7 : अध्यक्ष महोदया की अनुमति से अन्य विषय

अध्यक्ष महोदया ने माया ऑपरेटिंग सिस्टम में हिंदी में काम करने को लेकर आ रही समस्या के बारे में अपना अनुभव साझा किया। इस पर रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक (डॉ मयंक शर्मा) ने सू.प्रौ. एवं प्र. विंग के प्रतिनिधि को सुझाव दिया कि इस समस्या के निवारण के लिए संबंधित कार्यालय से पत्राचार किया जाए।

**[कार्रवाई : सू.प्रौ. एवं प्र. विंग (स्थानीय)]**

अंत में अध्यक्ष महोदया को धन्यवाद देने के साथ ही बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

(मनमोहन सिंह)
वरिष्ठ लेखा अधिकारी (राजभाषा)